2021
HINDI
[GENERAL]
Paper : IV

Full Marks : 100 Time : 3 Hours

The figures in the right-hand margin indicate marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **छः** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×6=6

   क) राजशेखर ने किसे काव्य का प्रमुख हेतु माना है ?

   ख) अरस्तू के अनुसार काव्य कितनी वस्तुओं में से किसी एक का अनुकरण कर सकता है ?

   ग) 'रस मीमांसा' किसकी रचना है ?

   घ) सम्प्रेषण सिद्धान्त के प्रवर्तक कौन हैं ?

   ङ) 'वाद विवाद संवाद' किसकी आलोचनात्मक कृति है ?

   च) 'शब्दार्थों सहितौ काव्यम्' किसकी उक्ति है ?

   छ) 'ध्वन्यालोक' के रचनाकार कौन हैं ?

   ज) आचार्य वामन ने काव्य के कौन-से दो प्रयोजन माने हैं ?

   झ) क्रोध किस रस का स्थायी भाव है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **ग्यारह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×11=22

   क) उदात्त का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

   ख) 'कविता के नये प्रतिमान' किसकी आलोचनात्मक कृति है और कब प्रकाशित हुई है ?

   ग) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की दो आलोचनात्मक ग्रंथ का नाम बताइए ।

   घ) शृंगार रस किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद हैं ?

   ङ) क्रोचे के प्रसिद्ध ग्रंथ का नाम लिखिए ।

   च) आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी की दो आलोचनात्मक पुस्तक का नाम बताइए ।

   छ) मानववाद से क्या तात्पर्य है ?

   ज) 'वक्रोक्ति काव्यजीवितम्' की अवधारणा स्पष्ट कीजिए ।

   झ) प्रतिभा कितने प्रकार की होती है ? स्पष्ट कीजिए ।

   ञ) "धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च ।
   करोति कीर्ति प्रीति च साधुकाव्य निबंधनम् ।।"—
   श्लोक के अनुसार काव्य के कितने प्रयोजन बताएं गये हैं उनके नाम लिखिए ।

   ट) साधारणीकरण से क्या तात्पर्य है ?

   ठ) दो अर्थालंकारों के नाम बताइए ।

   ड) फैंटेसी से क्या तात्पर्य है ?

   ढ) क्रोचे के अनुसार कला रचना की कितनी स्थितियाँ होती हैं ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **सात** के उत्तर लिखिए : $6 \times 7 = 42$

क) भारतेन्दुयुगीन आलोचना पर प्रकाश डालिए ।

ख) बिम्ब का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए ।

ग) यथार्थवाद और आदर्शवाद का सामान्य अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

घ) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के सैद्धान्तिक आलोचना पर प्रकाश डालिए ।

ङ) प्रमुख काव्य हेतुओं का सोदाहरण परिचय दीजिए ।

च) संस्कृत के किन्हीं तीन आचार्यों के द्वारा बताये गये काव्य लक्षण पर प्रकाश डालिए ।

छ) वक्रोक्ति सिद्धान्त का सामान्य परिचय दीजिए ।

ज) अभिव्यंजनावाद से क्या तात्पर्य है ?

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए : $10 \times 3 = 30$

क) अरस्तू के अनुकरण सिद्धान्त की प्रमुख मान्यताओं का उल्लेख कीजिए ।

ख) रामविलास शर्मा की आलोचना दृष्टि पर प्रकाश डालिए ।

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : $5 \times 2 = 10$

i) प्रतीक

ii) रस के भेद

iii) नामवर सिंह

iv) हजारी प्रसाद द्विवेदी।

घ) भारतीय आचार्यों के मतानुसार काव्य प्रयोजनों की समीक्षा कीजिए ।

ङ) अलंकार सिद्धान्त का परिचय देते हुए उसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।